अमेरिका मे पुनर्वास एक लम्बी प्रक्रिया है, जिसमे महीनों या फिर कई साल भी लग सकते है । अमेरिका मे पुनर्वास स्वेच्छिक है और शरणार्थीयोको यह खुद सोचना होगा के अमेरिका मे पुनर्वास उनके और उनकी परिवार के लिए सही है या नही । आवेदकको इस प्रक्रिया के लिए कोई शुल्क नहीं देनी होगी, यह प्रक्रिया बिल्कुल नि:शुल्क है । लेकिन अगर आप और आपके परिवारको अमेरिका जाने की लिए स्वीकृती मिल जाती है तो आपको एक वचनपत्र पर हस्ताक्षर करना होगा और इस वचनपत्र के अनुसार आपको अपनी और अपने परिवारकी हवाई टिकटकी कीमत अमेरिका में पहुचने के एक निर्धारित अवधि के दौरान चुकानी होगी । अमेरिका पुनर्वास प्रक्रिया मे अलग-अलग संस्थाओं से साक्षात्कार की एक श्रृंखला शामिल है ।

ज्यादातर आवेदकोका (लेकिन सभी को नहीं), पहली वार UNHCR द्वारा साक्षात्कार लिया जाता है । अगर UNHCR आपके केशको अमेरिकाके लिए तय करता है तो आपका साक्षात्कार अमेरिकी विभागकी तरफसे काम कर रहे IOM/OPE के कर्मचारीद्वारा लिया जायगा । इसके वाद आपका साक्षात्कार Department of Homeland Security (DHS) के कर्मचारीद्वारा लिया जाएगा । आपका सभी साक्षात्कारोंमे शामिल होना अत्यन्त जरुरी है । आपकी केशको अमेरिका पुर्नवास के लिए स्वीकृती देने या ना देनेका अन्तिम निर्णय केवल DHS के हातमे होगा । यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि आप UNHCR , OPE और DHS के सभी सवालोका इमान्दारी और सच्चाई से जवाफ दे । ऐसा ना करने से आपके केशके परिणाम पर असर पड सकता है । और भविष्यमें अमेरिकामे आपकी स्थितीको भी प्रभावित कर सकता है । जो जानकारी आप UNHCR , OPE वा DHS को प्रदान करेगें उन्हें अन्त्यन्त गुप्त रखा जाएगा और यह जानकारी केवल जरुरत होने पर ही आपकी पुनर्वासमे सहयोग कर रही अन्य संस्थाओंके साथ बाँटी जाएगी । विभिन्न कारणो के लिए DHS आपके केश पर तुरन्त निर्णय नही कर सकता ।

अगर आपके फोन नं., घरका पता या पारिवारीक संरचना मे कोई भी वदलाव हो (जैसे: जन्म, मृत्यु, शादी, तलाक) या यदि आप किसी भी स्तरपर पुनर्वास प्रक्रिया के दौरान अपने देश लौट रहे हों तो यह अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं के आप UNHCR वा OPE को जल्द से जल्द इसकी जानकारी दें । यदी आप पुनर्वास प्रक्रियाके किसी भी स्तर पर यह निर्णय लेते है की अव आपको अमेरिका पुनर्वासमे कोई दिलचस्पी नही है तो आप यह UNHCR या OPE को वताकर आपना केश वापस ले सकते है ।

अगर DHS पुनर्वास के लिए आपके आवेदनको स्वीकृती देती है तो आपको अमेरिकी दुतावाससे निर्दिष्ट चिकित्सालय या IOM द्वारा संचालित स्वास्थ्य परिक्षण विभागसे स्वास्थ्य परिक्षणसे गुजरना होगा । अगर आपके स्वास्थ्य परिक्षण के परिणाम में कोई ऐसी बिमारी पाई जाती है जिसका अमेरिका प्रस्थान करने से पहले उपचार कराना जरुरी हो तो यह आपकी पुनर्वास प्रक्रियामे देरी ला सकता है (उदाहरण तह: क्षयरोग) । ऐसा रोग पाए जाने पर आपकी इस रोगको निर्मुल करने के वाद ही आपकी पुनर्वास प्रक्रिया आगे बढेगी । आपके पुनर्वास स्थानमे आपके लिए जरुरी चिकित्सा उपलब्ध हो इसके लिए यह जरुरी है कि आप स्वास्थ्य परिक्षणके दौरान सभी सवालों का इमान्दारी से जवाब दें ।

आपने इस प्रक्रिया में कैसे प्रवेश किया है, इसपर निर्भर करते हुए यह जरुरी नही है कि आप अमेरिका में किसिको जानते हों । यदी आपके अमेरिकामे रिश्तेदार हैं जिनके साथ आप रहना चाहते हैं, यह बहुत महत्वपुर्ण है कि आप OPE को इसके जानकारी जितना पहले हो सके दें । यह जानकारी आपकी अमेरिका जाने की योजनामे मदद करेगी । कोशिश कि जाएगी कि आपको उसी शहरमे भेजा जाए जहाँ आपके अमेरिकी रिश्तेदार है, लेकिन इसकी कोई गारंटी नही है । कृपया ध्यान दें कि बहुविवाह प्रथा अमेरिका मे अवैध है ।

हरेक शरणार्थी परिवारको एक स्वयं सेवक संस्थाको नियुक्त कि जायेगी जो आपके अमेरिका पहुँचने पर आपकी मदद करेगी । प्रारम्भिक सहयोग जैसे घर, फर्निचर एवं बुनियादी जरुरतें इस्तेमाल की हुई, पुरानी या बहुत सस्ती भी हो सकती है लेकीन सभी उपलब्ध वस्तुए साफ और अच्छी हालत में होंगी ।

यह जरुरी है की आप अपनी सहयोगी संस्थाके साथ मिलकर काम करे ताकी आप अपने लिए एक अच्छी पुनर्वास योजना तयार कर सकें । आपको बसाए गए स्थानपर नौकरी खोजने मै सहायता की जाएगी । अमेरिकामे पहला रोजगार पाने मे कुछ समय लग सकता है और यह जरुरी नही है  की आपकी पहली नौकरी वही हो जो आप अपने देशमे कर रहे थे । ये एक प्रवेश स्तरका गैर पेशेवर काम हो सकता है, या फिर अस्थायी या Part time भी हो सकता है । अमेरिकाके विभिन्न राज्योंके अनुसार रहनेकी लागत और सरकारी सहयोग अलग-अलग हो सकता है । आपको प्रदान किया गया सहयोग अलग-अलग राज्योंमे रहनेवाले शरणार्थीयोंको दिए गए सहयोग से भिन्न भी हो सकता है । सार्वजनिक यातायातकी सुविधा अमेरिकाके प्राय सहरोंमें उपलब्ध है । कारों को पुनर्वास की प्रक्रिया के एक भाग के रुप में प्रदान नहीं किया जाएगा ।

## संयुक्त राज्य अमेरिका में जीवनके बारे मे विचार करने के लिए अधिक जानकारी

अमेरिकामे शरणार्थीके रुपमे प्रवेश करना आपको स्थायी तौर पर वहाँ रहने और वहाँकी नागरिकता के लिए आवेदन देने की अनुमती देता है । अमेरिकामे बसनेका निर्णय आपको किसिभी समय अपने देश वापस जाने से मना नही करता, लेकिन ऐसा करना अमेरिकामें आपकी स्थितीको प्रभावित कर सकता है । अमेरिका एक विभिन्न प्रजातीओं के लोगोंसे भरा हुवा करिव ३० करोड से ज्यादा लोगोंका बासस्थान है । जातिय समुदायों कि मौजुदगी होते हुए भी ज्यादातर अमेरिकी मिश्रीत समुदायोंमे रहते है । यह संभव है कि आपका पडोसी, सहपाठी वा सहकर्मी किसी अलग जाती, धर्म या वर्गका हो ।

शरणार्थी भी संयुक्त राज्य अमेरिकामे रहनेवाले किसी आम नागरिक कि तरह सारे अधिकारों का इस्तेमाल कर सकते है, जैसे अभिव्यक्तिकी स्वतन्त्रता, धर्मकी स्वतन्त्रता, सम्मेलन करनेकी स्वतन्त्रता, घुमफिरकी स्वतन्त्रता, इत्यादी । अपनी राय व्यक्त करने के लिए, आपना धर्म मानने के लिए या फिर दोस्तो को मिलने के लिए आपको गिरफ्तार या कैद नही किया जा सकता ।

ज्यादातर अमेरिकी आत्मनिर्भरता और कडी मेहनतकी कदर करते है। वे नये लोगों से जल्द से जल्द नौकरी खोजने और अपने परिवारकी देखभाल करने की उम्मीद करते है। सरकारद्धारा प्रदत्त नौकरी और अन्य सहायता शरणार्थीयों के लिए आम तौर पर पर्याप्त नही होती। अंग्रेजी जानना अमेरिकामे सफलता प्राप्त करने के लिए जरुरी है। अंग्रेजी ना जानने पर भी आपको काम मिल सकता है लेकीन यह आपके नौकरी पाने के अवसरोंको काफी सिमित कर देता है। वहाँ के बहुत से समुदायों मे अंग्रेजी सिखनेकी सुविधा है लेकीन आपके द्धारा काम करने की उम्मीद भी की जाएगी।

K.G. से कक्षा १२ तक की शिक्षा अमेरिकामें नि:शुल्क है। ६ से १६ साल तक के वच्चो के लिए शिक्षा अनिवार्य है। माता-पिता अपने वच्चोको निजी विद्यालय (धर्म से जुडे विद्यालय) मे दाखिला भी करवा सकते है, लेकिन इन विद्यालयों मे शुल्क अक्सर महंगा होता है। विश्वविद्यालयका शिक्षा शुल्क काफी ज्यादा हो सकता है। शिक्षा शुल्क भुक्तान करने के लिए विश्वविद्यालयके छात्र नौकरी, छात्रवृत्ति और शिक्षा ऋण (जो स्नातक होने के वाद चुकाया जाए) जैसे उपायों का प्रयोग कर सकते है।

अमेरिकामे पुनर्वास हुए सभी शरणार्थीयोंको कम से कम ८ महिनो तक सरकारसे नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाती है। आम तौर पर स्वास्थ्य सेवाओं के भुक्तान के लिए सरकार जिम्मेवार नही है। स्वास्थ्य बिमा ना होने वालोंको आपतकालिन उपचार से इनकार नही किया जाता। ज्यादातर लोग अपने स्वास्थ्य परिक्षण के लिए अपने रोजगारदातासे आंशिक रुपमे वित्तिय सहयोगप्राप्त बिमा योजनापर निर्भर रहते है, लेकिन कई प्रवेशस्तर नौकरीयों मे यह सुविधा नही होती। हाल हि मे पारित हुई अमेरिकी स्वास्थ्य सुविधा प्रणाली अभि कुछ सालों तक प्रभावकारी नही होगी।

अमेरिकामे वसे प्राय शरणार्थीयोंका कहना हे कि वहाँ सबसे मुश्किल काम अपनी पारम्परिक परिवारीक भुमिका वदलना है। कई परिवारों मे पति और पत्नि दोनोको नौकरी करनी पडती है। प्राय देखा गया है कि वच्चे अपने माता-पिता से जल्दी अंग्रेजी सिख लेते है और अपने आप को अमेरिकी वातावरण के अनुरुप भी ढाल लेते हैं। अपने आपको नये माहोलमे ढालने के लिए हर व्यक्तिको अलग-अलग समय लगता है जो व्यक्ति और परिवारमे तनाव भी पैदा कर सकता है। आपको ऐसी रोमान्चक एवं मुस्किल समयमे आपनी स्वयं सेवक संस्थाकी मदद लेनी चाहीए। पिछ्ले ३५ सालमे करिब ३० लाख शरणार्थीयों का अमेरिकामे पुनर्वास हो चुका है। किसि नये देशमे पुनर्वास करना एक चुनौती है लेकिन ज्यादातर शरणार्थीयों ने अपने नये समुदायमे अपने और अपने परिवारके लिए नये अवसरोको पाया है।



**Updated:** 3/27/2023